ब्रिक्स देशों द्वारा 5 क्रेडिट लाइन बैंकों को मंजूरी

drishtiias.com/hindi/printpdf/5-banks-of-brics-nations-sign-pact-for-credit-lines

चर्चा में क्यों?

ब्रिक्स बैंक सहयोग तंत्र (BRICS Bank Cooperation Mechanism) के पाँच बैंकों द्वारा राष्ट्रीय मुद्राओं में क्रेडिट लाइन स्थापित करने और क्रेडिट रेटिंग पर सहयोग करने पर सहमत व्यक्त की गई हैं।

> ब्राजील के विकास बैंक (Brazilian Development Bank), वीनशेकॉनबैंक (Vnesheconombank), निर्यात-आयात बैंक ऑफ इंडिया (Export-Import Bank of India), चीन डेवलपमेंट बैंक एंड डेवलपमेंट बैंक ऑफ साउथ अफ्रीका (China Development Bank and Development Bank of South Africa) ने राष्ट्रीय मुद्राओं में क्रेडिट लाइन स्थापित करने के साथ-साथ क्रेडिट रेटिंग हेतु सहयोग के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।

प्रमुख बिंदु

- क्रेडिट रेटिंग्स के संबंध में हुए इस समझौते के अंतर्गत आई.सी.एम. सदस्यों को क्लाइंट्स को अभिहस्तांकित (assigned) आंतरिक क्रेडिट रेटिंग के साथ-साथ रेटिंग मूल्यांकन और असाइनमेंट के तरीकों को भी साझा करने की अनुमति प्रदान की गई है।
- इस समझौते से स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने, मुद्रा जोखिम को कम करने, व्यापार का प्रसार एवं उन्नति करने तथा ब्रिक्स बाज़ारों तक पहुँच बनाने में कंपनियों को सुविधा प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

ब्रिक्स इंटरबैंक सहयोग तंत्र (BRICS interbank cooperation mechanism)

- ब्रिक्स देशों के बीच आर्थिक संबंधों और निवेश सहयोग को विकसित करने तथा मज़बूती प्रदान करने के लिये, वर्ष 2010 में ब्रिक्स देशों के वित्तीय संस्थानों के विकास और निर्यात समर्थन के लिये ब्रिक्स इंटरबैंक सहयोग तंत्र के निर्माण के संबंध में एक ज्ञापन समझौता किया गया था।
- इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य एक ऐसी योजना को स्थापित करना है जिसके तहत् ब्रिक्स देशों की भविष्य की निवेश परियोजनाओं के लिये वित्तपोषण और बैंकिंग सेवाएँ सुनिश्चित की जा सकें।
- ब्रिक्स इंटरबैंक सहयोग तंत्र के संबंध में किये गए इस समझौते के आधार पर, सदस्य बैंकों द्वारा न केवल ब्रिक्स देशों के भीतर बहुपक्षीय वित्तीय सहयोग के विकास के लिये कदम उठाए जाएंगे, बल्कि स्थानीय मुद्राओं में भुगतान और वित्तपोषण हेतु निवेश परियोजनाओं के लिये बुनियादी तंत्र भी विकसित किये जाएंगे।